बिहार सरकार

# समाहरणालय, लखीसराय

(जिला प्रोग्राम कार्यालय लखीसराय)

Contact Number-9431005054

Email id–issniplakhisarai@gmail.com

पत्रांक 101 /प्रो0, दिनांक 31.01.2024 /

प्रेषक,

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी
लखीसराय।

सेवा में,

जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी
लखीसराय।

**विषयः–** **पालनाघर के कर्मियों के चयन की सूचना जिले के बेबसाईट पर अपलोड करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि जिला पुलिस मुख्यालय में पालनाघर के संचालन हेतु क्रेच वर्कर एवं सहायक क्रेच वर्कर का संविदा आधारित चयन किया जाना है। जिनके चयन हेतु विज्ञापन प्रारूप एवं आवेदन प्रारूप को जिले के बेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

31.01.24

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी
लखीसराय

L <23>669

# समाहरणालय लखीसराय
## ( महिला एवं बाल विकास निगम लखीसराय )

### पालनाघर विज्ञापन प्रारूप

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक–WCDC /1882/23 दिनांक–09.08.2023 द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अंतर्गत पालनाघर का संचालन किया जाना है। वर्तमान में पुलिस मुख्यालय में पालनाघर के संचालन हेतु विभागीय मार्गदर्शिका के कंडिका–10 एवं 11 में वर्णित प्रावधान के अनुरूप कर्मियो (श्रमबल) के चयन का निदेश प्राप्त है।

पालनाघर के संचालन हेतु स्वीकृत श्रमबल का चयन जिला पदाधिकारी, लखीसराय की अध्यक्षता अथवा उनके द्वारा नामित पदाधिकारी की गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के उक्त पत्र में पालनाघर के संचालन हेतु क्रेच वर्कर का एक पद एवं सहायक क्रेच वर्कर का एक पद सृजित किया गया है। जिसमे संविदा आधारित नियोजन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

**स्वीकृत रिक्त पदों के लिए अर्हताएँ एवं नियोजन हेतु योग्यता निम्नवत् होगी :–**

| क्र0 | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | योग्यता/अर्हताएं/अनुभव | मानदेय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क्रेच वर्कर (महिला हेतु आरक्षित) | 01 | **शैक्षणिक योग्यता**– स्नातक उतीर्ण । **अनुभव**– बच्चों के साथ किसी भी संस्थान /स्कूल /आँगनबाड़ी /प्ले स्कूल आदि से संबंधित कार्य का 03 साल का अनुभव । **उम्र**– न्यूनतम–21 वर्ष, अधिकतम–40 वर्ष। | 14,730.00 प्रति माह | पद संविदा आधारित है। |
| 2. | सहायक क्रेच वर्कर (महिला हेतु आरक्षित) | 01 | **शैक्षणिक योग्यता**– बारहवी पास अथवा इंटरमिडियेट । **अनुभव**– बच्चों की देख –रेख संबंधित कार्यानुभव को प्राथमिकता दी जायेगी । **उम्र**– न्यूनतम–18 वर्ष, अधिकतम–40 वर्ष। | 11,640.00 प्रति माह | पद संविदा आधारित है। |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र संलग्न विहित प्रपत्र में ई–मेल आई0डी0 dhewlakhisarai@gmail.com/निबंधित डाक से जिला प्रोग्राम कार्यालय आई0सी0डी0एस0, लखीसराय के पते पर जमा कर सकते है।

**चयन प्रकिया से संबंधित तिथियों की विवरणी निम्नवत है:–**

1. आवेदन प्राप्त करने की तिथि :–विज्ञापन प्रकाशन तिथि से अगले 15 दिनों तक आवेदन पत्र प्राप्त किये जायेगें। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन मान्य नही होगा।
2. अभ्यर्थी का चयन हेतु अधिकतम कुल 100 अंक निर्धारित किया गया है।
   **क्रेच वर्कर**– निर्धारित शैक्षणिक योग्यता स्नातक में प्राप्त अंको के आधार पर कुल अधिकतम 60 अंक दिये जायेगें। अंको की गणना स्नातक में प्राप्त अंक प्रतिशत का 60 प्रतिशत के आधार पर होगा। 03 वर्ष निर्धारित कार्य अनुभव के पश्चात अगले प्रत्येक एक वर्ष के लिए 05 अंक एवं अधिकतम 15 अंक दिये जायेगें तथा साक्षात्कार के लिए अधिकतम 25 अंक निर्धारित है।
   **सहायक क्रेच वर्कर**– निर्धारित शैक्षणिक योग्यता इंटरमिडिऐट में प्राप्त अंको के आधार पर कुल अधिकतम 60 अंक दिये जायेगें। अंको की गणना इंटरमिडिऐट में प्राप्त अंक प्रतिशत (अतिरिक्त विषय को छोडकर) का 60 प्रतिशत के आधार पर होगा। प्रत्येक एक वर्ष के अनुभव के लिए 05 अंक एवं अधिकतम 15 अंक दिये जायेगें तथा साक्षात्कार के लिए अधिकतम 25 अंक निर्धारित है।
3. निर्धारित योग्यता रखनेबाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा, साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना संबंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित ईमेल आई0डी0 एवं जिला के बेबसाईट पर दी जायेगी। किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नही किया जायेगा।
4. मानदेय का भूगतान विभागीय प्राप्त आवंटन एवं दिशा निर्देश के आलोक मे किया जायेगा।
5. प्रमाण पत्रों की जॉच, साक्षात्कार की तिथि एवं अन्य सूचना की जानकारी लखीसराय जिले की बेबसाइट https://lakhisarai.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

25.1.24

जिला पदाधिकारी
लखीसराय

# आवेदन–प्रपत्र

**विज्ञापन संख्याः–..........................** अनुलग्नक–3

स्व अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटों

1. आवेदित पद का नामः .............................................
2. अभ्यर्थी का नामः .............................................
3. जन्म तिथि : .............................................
4. माता का नामः .............................................
5. पिता / पति का नामः .............................................
6. आधार कार्ड नंबरः .............................................
7. स्थायी आवास का पूरा पता (जिला के नाम के साथ): .............................................
.............................................
8. पत्राचार का पताः .............................................
.............................................

9. श्रेणीः सामान्य ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐

अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य ☐

10. मोबाईल नंबरः .............................................
11. ई–मेल आईडीः .............................................
12. शैक्षणिक विवरणीः–

| क्र.सं. | शिक्षा | विषय | उत्तीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक | | | | | |
| 2 | इंटर | | | | | |
| 3 | स्नातक (प्रतिष्ठा का विषय) | | | | | |
| 4 | अन्य | | | | | |

13. कार्य अनुभव :–

| क्र.सं. | संस्थान का नाम | पदनाम | कार्य अवधि वर्ष / माह / दिन | कार्य विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

13. संलग्न किये गये कागजातों की सूची :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | |
| 3 | | 4 | |
| 5 | | 6 | |
| 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | |

**घोषणाः**–उपरोक्त सभी सूचना मेरे जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कभी प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मैं स्वंय जिम्मेवार रहूँगी एवं मेरे विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांकः–

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर